Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of a Mega Textile Park in Bhilwara, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): महोदय, भारत सरकार मेगा टेक्सटाईल पार्क की स्थापना का मंतव्य रखती है, परन्तु इसकी स्थापना के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव की अनिवार्यता है। मेगा टेक्सटाईल पार्क के लिए राजस्थान में भीलवाड़ा सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। भीलवाड़ा सम्पूर्ण विश्‍व में वस्त्रनगरी के नाम से विख्यात है, मेगा टेक्सटाईल पार्क हमारा हक है। भीलवाड़ा में 9 करोड़ मीटर कपड़ा प्रतिमाह बनता है तथा एक लाख से अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। यहां देश भर से कपड़ा व्यापारियों का आना-जाना लगा रहता है, भीलवाड़ा कपड़े की बड़ी तथा बढ़ती हुई मंडी है, इसलिए आवश्यक है कि भीलवाड़ा को मेगा टेक्सटाईल पार्क की सौगात मिले। मेगा टेक्सटाईल पार्क भीलवाड़ा का अधिकार है, इसलिए मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि मेगा टेक्सटाईल पार्क के लिए एकाधिक स्थानों के प्रस्ताव राज्य सरकार से पुन: लिए जाएं तथा टेक्सटाईल्स मंत्रालय सर्वे के पश्चात् उनमें से एक स्थान का चयन करे। यह न्यायसंगत होगा तथा भीलवाड़ा के साथ न्याय होगा।